7

पत्रांक–2/पन–80/2023–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार पाठक
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना ।

पटना, दिनांक / /2026

विषय : स्व० (डा०) शाङ्‌र्गधर झा, सेवानिवृत्त शिशु रोग विशेषज्ञ, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (पूर्व एम०जे०के०अस्पताल) बेतिया की पत्नी वेणु झा के पारिवारिक पेंशन एवं मृत्यु– सह–सेवानिवृत्ति उपदान की स्वीकृति के संबंध में।

प्रासंगः महालेखाकार (ले० एवं ह०) कार्यालय, बिहार, पटना के पत्रांक–पेन–17–258 दिनांक–01.08.2025

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि स्व० (डा०) शाङ्‌र्गधर झा, सेवानिवृत्त शिशु रोग विशेषज्ञ, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (पूर्व एम०जे०के०अस्पताल) बेतिया के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित रहने के कारण विभागीय पत्रांक–1003(2), दिनांक–17.06.2025 द्वारा इन्हें 90% औपबंधिक पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई थी। उक्त विभागीय पत्र की कंडिका–1 में डा० शाङ्‌र्गधर झा के नाम के स्थान पर टंकण त्रुटी के कारण सिंगेश्वर प्रसाद मंडल अंकित हो जाने एवं स्व० (डा०) झा के मृत्यु दिनाक–10.02.2025 हो जाने के कारण प्राधिकार पत्र निर्गत करने में आपके द्वारा कठिनाई होने का उल्लेख किया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि स्व० (डा०) झा दिनांक–30.11.2021 को सेवा निवृत्त हुए थे। स्व० (डा०) झा की मृत्यु दिनांक–10.02.2025 को हो चुकी है। मृत्यु के फलस्वरुप विभागीय अधिसूचना संख्या–496(9) दिनांक–20.05.2026 द्वारा स्व० (डा०) झा के विरुद्ध पूर्व से संचालित विभागीय कार्यवाही को संचिकास्त कर दिया गया है (छयाप्रति संलग्न)।

3. उक्त वर्णित आलोक में विभागीय पत्रांक–1003(2) दिनांक–17.06.2025 को विलोपित करते हुए स्व० (डा०) झा की पत्नी श्रीमती वेणु झा को पूर्ण उपदान एवं दिनांक–01.12.2021 से 10.02.2025 तक पूर्ण पेंशन के भुगतान एवं तत्पश्चात अनुमान्य पारिवारिक पेंशन, के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4. अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के संबंध में पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,

ह0/–

(विनोद कुमार पाठक)

सरकार के उप सचिव

अनुलग्नक–यथोक्त।

ज्ञापांक–2/पेन–80/2023– 1137(2) **पटना, दिनांक** 27/5 **/ 2026**

प्रतिलिपिः अधीक्षक, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, बेतिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : कोषागार पदाधिकारी, बेतिया/श्रीमती वेणु झा पति डा० शाङ्‌र्गधर झा, सेवानिवृत्त शिशु रोग विशेषज्ञ, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (पूर्व एम०जे०के०अस्पताल) बेतिया पत्राचार के पता–401 ग्रांड राशीदा अपार्टमेंट, शक्तिधाम के पास बैंक रोड, प० गांधी मैदान, पो०–गांधी मैदान, थाना–पटना, जिला–पटना, पिनकोड–800001/प्रशाखा पदाधिकारी–03, 09 एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : आई० टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।

D>Sec-2>2026>PEN 2026